# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FINAL EXAMINATION (16 March 2026)
### Class – IX
### Paper-Hindi Course - B (Set-B)

**Time: 3hrs.** **M.M. 80**

**सामान्य निर्देश:**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए:**

**(1) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- खंड 'क', 'ख', 'ग' तथा 'घ' हैं।**

**(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है**

**(3) निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।**

**(4) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

**खंड 'क' (अपठित बोध)**

**इस खंड में अपठित गद्यांश से संबंधित तीन बहुविकल्पीय (1×3=3) और दो अतिलघुत्तरात्मक व लघुत्तरात्मक) (2×2=4) प्रश्न दिए गए है।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए- (7)**

साक्षात्कार की सफलता बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करती है कि आपकी अभिव्यक्ति की क्षमता कैसी है। यदि आप अपनी बात स्पष्ट रूप से प्रभावशाली तरीके से रख पा रहे हैं, तो निश्चित रूप से उसका बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसलिए विद्यार्थियों को प्रयास करना चाहिए कि वे अपनी बोलने की शक्ति को बढ़ाएँ। अच्छे शब्दों का चुनाव करें। घटिया एवं द्विअर्थी शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए। इसी प्रकार आपके वाक्य जटिल न होकर सरल और सुबोध हों। कठिन शब्दों एवं जटिल वाक्यों का प्रयोग आपकी भाषा को कृत्रिम बना देता है।

इसके अतिरिक्त बोर्ड के समक्ष आपका व्यवहार अत्यंत संतुलित और सौम्य होना चाहिए अर्थात् आपके बोलचाल के लहजे में सौम्यता होनी चाहिए। यदि आप सदस्य की किसी बात से सहमत नहीं हैं, तो पूरी विनम्रता के साथ उसका खंडन करें। यदि आप ऐसे अवसरों पर उग्रता अपनाते हैं, तो वह आपके असंतुलित व्यक्तित्व का परिचायक होगा। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर दे पाने की स्थिति में नहीं हैं, तो उसके लिए अफसोस व्यक्त करने में संकोच नहीं करना चाहिए। सदस्य इस बात को समझते हैं कि जरूरी नहीं कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर दे सकें। गलत उत्तर देकर सदस्यों को मूर्ख बनाने का प्रयत्न कदापि न करें। इसी तरह साफ एवं स्पष्ट उत्तर न देने पर आप स्वयं फँस सकते हैं, क्योंकि ऐसी स्थिति में सदस्य आपसे उस उत्तर का स्पष्टीकरण माँगेंगे और आप अनावश्यक उलझते चले जाएँगे। इसलिए बोलना साक्षात्कार की एक आदर्श नीति मानी जाती है। जो जितना अधिक बोलेगा, उसके पकड़ में आने की आशंका उतनी ही अधिक होगी।

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस विषयवस्तु पर आधारित है? (1)

*(i)* व्यक्तित्व विकास और आत्म अभिव्यक्ति *(ii)* भाषा और संप्रेषण के सिद्धांत

*(iii)* साक्षात्कार मे सफलता के रहस्य *(iv)* पेशेवर जीवन में नैतिकता और अनुशासन

(ख) बोर्ड की बात पर असहमत होकर उग्रता अपनाना किस बात का परिचायक है? (1)

(i) असंतुलित व्यक्तित्व का (ii) संतुलित व्यवहार का

(iii) परिवार द्वारा दिए गए आदर्श का (iv) समाज द्वारा सीखे गए आचरण का

(ग) **कथन** (A) साक्षात्कार की सफलता और अभिव्यक्ति की क्षमता का आपस में कोई संबंध नहीं है। (1)

**कारण** (R) साक्षात्कार और अभिव्यक्ति ये दोनों ही मनुष्य जीवन के अलग-अलग पहलू हैं।

**कूट**

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

(ii) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) गद्यांश के आधार पर बताइए कि साक्षात्कार की आदर्श नीति क्या है? (2)

(ङ) अपनी बात को स्पष्ट एवं प्रभावशाली तरीके से रखने के लिए क्या-क्या करना चाहिए? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए। (2)



Scanned with OKEN Scanner

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए (7)

आधुनिक युग में योग का महत्त्व बढ़ गया है। इसके बढ़ने का कारण व्यस्तता और मन की व्यग्रता है। यदि मनुष्य शारीरिक रूप से स्वस्थ है, तो वह संसार में रहकर जीवन का सुख भोग सकता है और अपने सभी कर्त्तव्यों एवं मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकता है। शरीर ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने सभी कार्यों को संपन्न कर सकते हैं, इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा प्रथम कर्त्तव्य है और इसके लिए हम योग का सहारा ले सकते हैं।

योग प्राचीन समय से ही भारतीय संस्कृति का अंग रहा है। हमारे पूर्वजों ने बहुत समय पहले ही इसका आविष्कार कर इसके महत्त्व को पहचान लिया था, इसलिए योग पद्धति सदियों बाद भी जीवित है। योग करने से व्यक्ति का शरीर सुगठित और सुडौल बनता है। योग से न केवल तन की थकान दूर होती है, बल्कि मन की थकान भी दूर हो जाती है। योग करने वाला व्यक्ति अपने अंग-प्रत्यंग में एक नए उत्साह एवं स्फूर्ति का अनुभव करता है। योग करने से शरीर के प्रत्येक अंग में रक्त का संचार सुचारु रूप से होता है तथा शरीर रोगमुक्त रहता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस विषयवस्तु पर आधारित है? (1)

*(i)* मनुष्य की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ
*(ii)* प्राचीन भारतीय सभ्यता और योग
*(iii)* आधुनिक युग में योग का महत्त्व
*(iv)* हमारा खानपान और शारीरिक व्यायाम

(ख) योग करने से मनुष्य को क्या लाभ होता है? (1)

*(i)* शरीर रोगमुक्त रहता है
*(ii)* नए उत्साह व स्फूर्ति का संचार होता है
*(iii)* मन की थकान दूर होती है
*(iv)* ये सभी

(ग) **कथन** (A) आधुनिक युग में योग का महत्त्व स्वीकार किया जाने लगा है। (1)

**कारण** (R) आधुनिक युग में व्यस्तता और मन की व्याकुलता बढ़ने लगी है।

**कूट**

*(i)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
*(ii)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
*(iii)* कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
*(iv)* कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) 'योग प्राचीनकाल से भारतीय संस्कृति का अंग रहा है' प्रस्तुत कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। (2)

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश से हमें क्या संदेश मिलता है? (2)

## खंड 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण

3.**शब्द तथा पद पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** (2)

i) व्याकरणिक नियमों में बंध कर शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त होता है तब वह क्या कहलाता है ?

ii )' मोहन जा रहा है। ' इस वाक्य में 'मोहन' शब्द है या पद ?

iii ) शब्द विभक्तियों, संबंध बोधक, निपात आदि से जुड़े हुए होते हैं । (हाँ / नही )

4..**अनुस्वार तथा अनुनासिक पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** (2)

i) फुकार, इसान

ii ) अनुनासिक का सही प्रयोग किस शब्द में हुआ है - आंवला, विशेषताएँ, कुवँर, कांच

iii) ------ के उच्चारण में वायु केवल नाक से बाहर निकलती है (अनुस्वार / अनुनासिक)

B-2

Scanned with OKEN Scanner

उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (4)

(i) 'दुराचरण' में उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए -

(ii) ' चिर' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए ।

(iii) कौन सा शब्द 'प्रति' उपसर्ग से नहीं बना?

प्रत्यक्ष, प्रतिदिन, प्रतिरोध, प्रशंसा

(iv) 'आनी' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइए ।

(v)' शिष्या 'शब्द में उचित प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करें ।

**6. स्वर संधि पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** (3)

(i ) दीर्घ संधि का कोई एक उदाहरण लिखिए ।

(ii ) संधि करें : - देव + ऋषि, मधु + आलय

(iii ) संधि विच्छेद करें :- गायक

(iv) 'नरेंद्र' शब्द में कौन-सी संधि है?

**7.विराम चिन्ह पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए :-** (2)

(i )आलस्य छोड़ों; मेहनत करो; मन में निष्ठा रखो; अपनी मंजिल अवश्य मिलेगी (वाक्य में किस विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है)

(ii ) शब्दों के युग्म अथवा पुनरुक्ति शब्दों को दोहराने में किस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है ?

(iii ) हाय फूल सी कोमल बच्ची हुई राख की थी ढेरी(उचित विराम चिन्ह का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए)

**8 अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-(3)**

(i ) तुम प्यार से बात करते तो वे भी शांत रहते।(अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए)

(ii )सड़क पर कभी नहीं खेलना चाहिए। (अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए)

(iii )शायद रवीना ने शतरंज में रिकॉर्ड बनाया हो। (वाक्य को इच्छा वाचक वाक्य में बदलकर लिखिए)

(iv) तेज बारिश शुरू हो गई है। (वाक्य को **प्रश्न** वाचक वाक्य में बदलकर लिखिए)

## खंड ग : पाठ्यपुस्तक

**9. निम्नलिखित** पठितगद्यांश **को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-** (5)

लड़के की बुढ़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई। झाड़ना-फूंकना किया। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ बचा हुआ अनाज था, दान-दक्षिणा में उठ गया। माँ, बहू और बच्चे 'भगवाना' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफे चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था।

जिंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएँ।

(i) लड़के की बूढ़ी माँ ओझा को क्यों बुला लाई थी?

(क) टोने-टोटके करवाने के लिए (ख) साँप का जहर उतरवाने के लिए

(ग) बेटे का दिमाग सही करवाने के लिए (घ) बहू का इलाज करवाने के लिए



Scanned with OKEN Scanner

(ii) उपर्युक्त गद्यांश के माध्यम से लेखक-----------

(क) रूढ़िवादिता का विरोध करना चाहता है।

(ख) आर्थिक स्थिति का वर्णन करना चाहता है।

(ग) परस्पर सहयोग करने की भावना प्रकट करना चाहता है।

(घ) उपर्युक्त सभी

(iii) भगवाना चुप ........... हो गया था।

(क) साँप के काटने के कारण (ख) बच्चों के रोने के कारण

(ग) माँ द्वारा दान-दक्षिणा करने के कारण (घ) उपर्युक्त सभी

**(iv) कथन (A)- 'जिंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए?'**

**कारण (R)- अर्थी को ढकने हेतु कफन आवश्यक रूप से चाहिए, चाहे कफन कैसा भी हो।**

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) घर में रखा अनाज कहाँ चला गया?

(क) चोरी हो गया (ख) दान-दक्षिणा में चला गया

(ग) दुकान वाला ले गया (घ) भगवाना के साथ चला गया

10. **.गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दें : (2x3=6)**

क) बिना सहयोग एवं सहायता की भावना के सम्मिलित अभियान संभव नहीं है।" 'एवरेस्ट: मेरी शिखर यात्रा' पाठ की लेखिका ने ऐसा क्यों कहा? स्पष्ट कीजिए।

ख) लेखक मन-ही-मन अतिथि को क्या चेतावनी देता है? ऐसा उसने क्यों किया? अतिथि के घर के अंदर का सौहार्द्र या स्वीटनेस कब कम होने लगी थी? 'तुम कब जाओगे अतिथि 'पाठ के आधार पर बताइए।

ग) रामन् को मिलने वाले पुरस्कारों ने भारतीय-चेतना को जागृत किया। ऐसा क्यों कहा गया है?

घ) महादेव भाई की दिनचर्या संबंधी तथ्यों को अपने शब्दों में लिखिए ? 'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर बताइए।

**11.निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखें : (5)**

दो प्रेमी हैं यहाँ, एक जब बड़े साँझ आल्हा गाता है,
पहला स्वर उसकी राधा को घर से यहाँ खींच लाता है।
चोरी-चोरी खड़ी नीम की छाया में छिपकर सुनती है,
'हुई न क्यों मैं कड़ी गीत की बिधना', यों मन में गुनती है।
वह गाता, पर किसी वेग से फूल रहा इसका अंतर है। गीत, अगीत, कौन सुंदर है?

1. काव्यांश में किनकी बात की गई है-

(i) दो ग्वालों की (ii) दो प्रेमियों की (iii) दो बच्चों की (iv) दो सैनिकों की।

2. आल्हा कौन गाता है ?

(i) किसान (ii) चरवाहा (iii) एक प्रेमी (iv) कवि।



Scanned with OKEN Scanner

प्रेमी का पहला स्वर क्या करता है?
(i) सोए हुओं को जगाता है (ii) पशु-पक्षियों को आकर्षित करता है
(iii) उसके मित्रों को बुलाता है (iv) उसकी राधा को घर से खींच लाता है
4. राधा अपने प्रेमी का गीत कहाँ छिपकर सुनती है?
(i) आम की छाया में छिपकर (ii) नीम की छाया में छिपकर
(iii) झाड़ियों के पीछे छिपकर (iv) दीवार के पीछे छिपकर
5. राधा को किस बात का अफसोस है?
(i) वह घर से क्यों आ गई (ii) वह चोरी-चोरी गीत सुन रही है
(iii) वह प्रेमी के संग गीत की कड़ी क्यो न हुई (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**12..काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें :-** **(2×3=6)**

क) अछूतों पर कौन द्रवित होता हैऔर क्यों ? रैदास कविता के आधार पर बताइए ।

ख) रहीम के दोहे में प्रेम संबंधों में तनाव और टूटन न आने देने की सलाह क्यों दी गई है? क्या आप ऐसा सोचते हैं कि एक बार गाँठ पड़ जाने पर रिश्ते सामान्य नहीं रहते?

ग ) 'नए इलाके में' कविता में कवि ने किस विडंबना को चित्रित किया है ?

घ) कवि ने अगरबतियां बनाने वाले मजदूरों की शारीरिक व मार्मिक स्थिति का वर्णन किस प्रकार किया है? 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के आधार पर बताइए ।

13.**संचयन पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें :** **(4*2= 8)**

क) लेखिका के पास कई पशु-पक्षी थे ,जिनमें लेखिका का पशु-पक्षी प्रेम स्पष्ट होता है ; इसके बावजूद गिल्लू उन में विशिष्ट कैसे था ?गिल्लू कहानी के आधार पर बताइए ।

ख)मंजू ऋषिदास के जीवन से किन मूल्यों की प्रेरणा मिलती है ? 'कल्लू कुम्हार की उनाकोटी' पाठ के आधार पर लिखिए ।

ग) लेखक को कौन-सी पुस्तकें इनाम में मिली और इनका लेखक के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ? 'मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय' पाठ के आधार पर लिखिए।

## खंड 'घ' : रचनात्मक लेखन

14.**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए-** **(5)**

**क) प्रकृति की रक्षा मानव की सुरक्षा**

(**संकेत बिंदु**- मनुष्य प्रकृति का अंग , प्रकृति से खिलवाड़, दुष्प्रभाव और दूर करने के उपाय)

**ख)सोशल मीडिया: एक धीमा ज़हर**

(**संकेत-बिंदु** -सोशल मीडिया का प्रभाव और दुष्प्रभाव, युवा पीढ़ी की ऊर्जा का नाश, अकेलापन और दवाव)

**ग) मेरी अविस्मरणीय यात्रा**

( **संकेत बिंदु** -भूमिका ,यात्रा का आनंद, अविस्मरणीय यात्रा कैसे, उपसंहार)

B-5

Scanned with OKEN Scanner

15. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए-** **(5)**

अपनी वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बड़े भाई के मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**


विदेश में रहने वाले मित्र को भारत की संस्कृति के विषय में बताते हुए पत्र लिखिए ।

16. अपने जीवन लक्ष्य को लेकर दो मित्रों के बीच का **संवाद** अपने शब्दों में कीजिए- **(5)**

**अथवा**

गाँव में बाढ़ आ गई है ।दो मित्र बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए जाना चाहते हैं । उनके मध्य हुआ संवाद अपने शब्दों में लिखिए ।

17. **नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए। चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/घटना का वर्णन अपनी कल्पना शक्ति के आधार पर कीजिए जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए -** **(5)**





Scanned with OKEN Scanner